



# मैदानी गलतियां सुधारने के निर्देश

मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से सुमन पंचायत शुरू होगी, पंजीयन एवं डेटा ट्रेकिंग में मिलीं कमियां



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा सुमन पंचायत का शुभारंभ किया जा रहा है. जिसको लेकर आयोजित बैठक में पंजीयन एवं डेटा ट्रेकिंग में कमियां सामने आने पर एएनएम और सीएचओ को मैदानी गलतियां सुधारने के कड़े निर्देश दिए गए.**

कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य विभाग की बैठक आयोजित की गई. बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले के संपूर्ण स्वास्थ्य अमले को संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से तत्काल प्रभाव से सभी ब्लॉकों में विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जाएं. कलेक्टर ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए जिले में सुमन पंचायत पहल की तत्काल शुरुआत करने के निर्देश दिए हैं. इस व्यवस्था को बिना किसी विलंब के मैदानी स्तर पर लागू किया जाए ताकि प्रत्येक पंचायत स्तर पर प्रसव और गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं से घिरी हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं और हाई रिस्क नवजात शिशुओं की पहचान कर उन्हें अविलंब, त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना सुनिश्चित हो सके. ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन परिस्थितियों के लिए रेफरल नेटवर्क को तुरंत सक्रिय किया जाए, ताकि समय रहते मां और बच्चे की जान बचाई जा सके. समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अनमोल पोर्टल और यू-विन पोर्टल पर हो रही त्रुटियों को लेकर कड़ा रुख अपनाया.

उन्होंने मैदानी स्तर पर काम करने वाली एएनएम, आशा और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर को निर्देश जारी करते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं का पहली तिमाही में ही समय पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए. जो नई विवाहित महिलाएं अन्य क्षेत्रों से शादी करके जिले में आ रही हैं, उनका तुरंत सर्वे कर पंचायत स्तर पर पंजीयन सुनिश्चित किया जाए. हाई रिस्क प्रेगनेंसीकी सूची रखें.

## कर्मचारियों को नोटिस

**सागर.** तिली स्थित पिछड़ा वर्ग पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास के तीन छात्रावास कर्मचारियों चौकीदार अमित रैकवार, रसोईया देवेन्द्र गौड़ एवं जलवाहक रविंद्र अहिरवार द्वारा ड्यूटी के दौरान लापरवाही करने पर डिप्टी कलेक्टर प्रभारी सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण ने कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है. छात्रावास कर्मचारियों द्वारा शासकीय दायित्वों के प्रति अत्यधिक लापरवाह और उदासीनता बरती गई. पाया गया कि उक्त कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान छात्रावास परिसर में बाहरी और अनाधिकृत व्यक्तियों का अवैध प्रवेश होता है, जो छात्रों की सुरक्षा के लिहाज से घोर लापरवाही है. उक्त कर्मचारी नियत समय में छात्रावास में उपस्थित नहीं होते तथा विभागीय कार्यों के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लेते है. कृत्य विपरीत, अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है.

# निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर का निरीक्षण

अजा आयोग के सदस्य अहिरवार ने मंदिर के मॉडल का अवलोकन कर दिए निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य बारेलाल अहिरवार ने बड़तूमा स्थित निर्माणाधीन संत रविदास मंदिर परिसर का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया.**

उन्होंने मंदिर के मॉडल का अवलोकन करते हुए अधिकारियों से निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की. उन्होंने मंदिर निर्माण की प्रगति पर निर्माण एजेंसी द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की. निरीक्षण के दौरान श्री अहिरवार ने समरसता गैलरी का अवलोकन किया, जहां संत रविदास के समकालीन संतों की प्रतिमाओं एवं उनके जीवन से जुड़े प्रेरक प्रसंगों को प्रदर्शित किया गया है. उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन आवास गृह सहित श्रद्धालुओं के लिए विकसित की जा रही अन्य सुविधाओं का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी व्यवस्थाएं उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण की जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें. नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने बताया कि बड़तूमा में लगभग 101 करोड़ रुपये की लागत से 11 एकड़ क्षेत्र में रविदास का मंदिर एवं संग्रहालय निर्मित किया जा रहा है.

विधायक श्री लारिया ने बताया कि मंदिर में संग्रहालय, ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है. जिसमें संत रविदास के जीवन प्रसंगों को आधुनिक डिजिटल एवं दृश्य-श्रव्य माध्यमों से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा. निरीक्षण के दौरान नपाध्यक्ष मिहीलाल अहिरवार, गुरु रविदास विश्वमहापीठ से डॉ. परशुराम, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग अदिति शांडिल्य सहित संबंधित अधिकारी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.

# संवाद केंद्र में समस्याएं सुनीं



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. सांसद डॉ. लता वानखेड़े ने सांसद संवाद केंद्र में जनसुनवाई के दौरान नागरिकों की समस्याएं सुनीं.**

जनसुनवाई में क्षेत्रवासियों ने समस्याएं सांसद के समक्ष रखीं जिसमें किसी ने कपिलधारा कुआं की स्वीकृत राशि का भुगतान नहीं होने की शिकायत की, तो किसी ने सड़क निर्माण, हैंडपंप खनन, पेयजल व्यवस्था तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत कराया. सांसद डॉ लता वानखेड़े ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समय-सीमा के भीतर पहुंचे.

## दयानंद वार्ड में शिविर

**सागर.** नगर निगम द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं जनसुनवाई के उद्देश्य से संचालित आपकी महापौर आपके द्वार अभियान के अंतर्गत बुधवार 15 जुलाई को प्रात: 10.30 बजे से महर्षि दयानंद वार्ड में जनचौपाल एवं शिविर का आयोजन किया जाएगा. जनचौपाल कार्यक्रम महर्षि दयानंद वार्ड स्थित लच्छू तिग्गड़ा के पास मंगल भवन में आयोजित होगा. जिसमें महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुझावों को सुनेंगी तथा निर्देश प्रदान करेंगी.

# मोबाइल सहित दुख के साधनों का त्याग करें

**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. भाग्योदय तीर्थ में विराजमान मुनिश्री शैल सागर महाराज ने कहा कि संसार का प्रत्येक जीव सुख की चाह में लगा हुआ है, लेकिन गलत साधनों के कारण उसे दुख ही प्राप्त हो रहा है. यदि दुख के साधनों का त्याग कर दिया जाए तो वास्तविक सुख अपने आप प्राप्त होने लगता है.**

उन्होंने कहा कि आज मोबाइल मनुष्य के दुख का सबसे बड़ा कारण बन गया है, जिसके पास मोबाइल है, वह उसके मोह, चिंता और व्यस्तता में उलझा रहता है. मोबाइल के कारण लोग माता-पिता, भाई-बहन, रिश्तेदार और मित्रों से दूर होते जा रहे हैं। पहले मोबाइल नहीं था तब भी जीवन सुचारु रूप से चलता था और आज भी चल सकता है, इसलिए धीरे-धीरे ऐसे साधनों से मोह कम करना चाहिए जो मन में अशांति और दुख पैदा करते हैं. मुनिश्री ने कहा कि दूसरों से तुलना और प्रतिस्पर्धा भी दुख का बड़ा कारण है, जब मन में यह भावना आती है कि दूसरे के पास यह है और मेरे पास नहीं, तभी दुख बढ़ता है, इसलिए संतोष और आत्मचिंतन का भाव विकसित करना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि मनुष्य स्वार्थ में पड़कर अपने वास्तविक जीवन मूल्यों को भूल जाता है. कर्मों का फल प्रत्येक व्यक्ति को स्वयं भोगना पड़ता है, भगवान किसी के कर्म नहीं बदलते, बल्कि मनुष्य को स्वयं अपने आचरण और विचारों में सुधार करना पड़ता है. मुनिश्री अचल सागर महाराज ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को न्यायपूर्वक धन अर्जित करना चाहिए, ईमानदारी से कमाया गया धन इस जीवन को भी श्रेष्ठ बनाता है और परलोक का भी कल्याण करता है. उन्होंने सभी से परमार्थ के कार्यों से जुड़े रहने का आह्वान किया.

# शराब दुकान में हुई तोड़फोड़

**नवभारत न्यूज**

**गौरझामर 14 जुलाई. शराब दुकान पर अज्ञात लोगो के द्वारा मारपीट व तोड़फोड़ करने का मामला सामना आया है.**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो लोग आये और दो बोतल शराब मुफ्त में मांगने लगे तो गद्दीदार संदीप यादव ने शराब देने से मना कर दिया. इस पर दोनो अज्ञात व्यक्ति जो पहले से ही मुंह पर कपड़ा बांधे हुए थे गाली-गलौच करने लगे दोनों ने फोन करके तीन लोगों को और बुला लिया सभी लोग मुंह ढके हुए थे सभी ने मिलकर शराब दुकान के दोनों दुकानदार संदीप यादव व कृष्णा राय के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर दी और दुकान में रखे सामान में तोड़फोड करते हुए उसे तहसनहस कर भाग खड़े हुए. इस घटना मे केसली निवासी एक व्यक्ति गब्बर की पहचान हुई है जिसके आधार पर पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है. पुलिस ने शराब दुकान के गद्दीदार संदीप यादव की रिपोर्ट पर धारा 327,351,115,296,119ए आदि के तहत मामला दर्ज कर मारपीट व तोडफोड करने वाले अज्ञात लोगो की तलाश शुरु कर दी गई है.

## एक नजर में



### बीड़ी श्रमिकों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**सागर.** ग्राम मोहली में श्रम मंत्रालय द्वारा बीड़ी श्रमिकों के हित में चलाई जा रही योजना के तहत स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ. सरपंच माया चंद्रभान कुर्मी द्वारा आयोजित शिविर में लोगों को स्वास्थ परीक्षण कराया. जबलपुर से आए विशेषज्ञों द्वारा बीड़ी श्रमिकों को निर्देश दिए. केंद्रीय जिला अस्पताल से आए डॉक्टर और स्टाफ ने सभी श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया. इस दौरान धर्मवीर मौर्य, डॉ नरेश तिवारी, अंजना सेन, इंद्रराज सिंग गौर, प्रदीप दुबे, रामकुशल सोदिया, प्रदीप पांडे, रामभजन फूलचंद पटेल, डॉ रंजन पटेल, नारायणदास, सहित ग्रामीण उपस्थित रहे.



### अहिरवार महासंघ ने दिया ज्ञापन

**बीना.** ग्राम पंचायत सनाई में असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया गया था. सूचना मिलते ही अहिरवार समाज घटनास्थल पर पहुंचकर ग्राम वासियों से मिले तथा घटना स्थल पर उपस्थित पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से बात कर नवीन प्रतिमा स्थापित करने तथा सीसीटीवी कैमरे लगवाने एवं बाउंड्री वॉल बनाने तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मांग रखी. जिसे तत्काल पुलिस प्रशासन ने भीमराव अंबेडकर की नवीन प्रतिमा एवं सीसी टीवी कैमरे लगवाएं. एकसप्ताह के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार करने को कहा अन्यथा उग्र आंदोलन किया जाएगा. इस दौरान एड. महेंद्र नवैया, दशरथ अहिरवार, वीरेंद्र राजोरिया, राकेश अहिरवार, रमेश अहिरवार, नर्मदा प्रसाद अहिरवार, उदयाजीत बाबू, सूरज अहिरवार, दीपक अहिरवार कार्यकर्ता उपस्थित रहे.




### प्रगतिशील लेखक संघ की गोष्ठी आयोजित

**सागर.** प्रगतिशील लेखक संघ की पाक्षिक गोष्ठी मकरोनिया में संपन्न हुई. अध्यक्षता करते हुए कथाकार, उपन्यासकार डॉ शरद सिंह ने विचार व्यक्त किया कि महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराध के प्रति संवेदनशील होने की आवश्यकता है तथा जागरूक होकर ऐसे माहौल बनाने की जरूरत है जिसमें महिलाएं घर से बाहर निकलने पर सुरक्षित महसूस करें. काव्य पाठ में डॉ गजाधर सागर, संतोष श्रीवास्तव विद्यार्थी, मुकेश तिवारी, पेट्रिस फुसकेले डॉ नम्रता फुसकेले, सुमन झुड़ेले, हर्षिता दुबे कुमार सागर, डॉ अभय सिंह, दीपक राय, डॉ नलिन जैन, टीकाराम त्रिपाठी, वीरेंद्र प्रधान, सतीश पांडे प्राचार्य, देवेंद्र सिंघई, प्राचार्य संजय श्रीवास्तव मौजूद थे.

# हड़ताल को लेकर बैठक संपन्न



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ द्वारा सभी डाकघरों में राष्ट्रव्यापी संघर्ष को चरणबद्ध तरीके से लागू होगा.**

उपरोक्त हड़ताल को सागर संभाग में सफल बनाने के लिए सभी यूनियन पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गयी. बैठक में भारतीय डाक कर्मचारी महासंघ संघीय परिषद् राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ऋषिराज तिवारी, विनोद जैन, अनवर अहमद, अनिल श्रीवास्तव, सुशील जैन, घनश्याम मिश्रा, रामकुमार अहिरवार, राजेश साहू , राजाराम ठाकुर, चंद्रशेखर राज, रामेश्वर राठौर, वीरेंद्र यादव, शिवराज सिंह दांगी मौजूद थे.

## आषाढ़ माह के तीसरे मंगलवार को अभिषेक

**सागर.** आषाढ़ माह के तृतीय मंगलवार को श्रीदेव डूंठाबली हनुमान जी को गंगा, जमुना, सरजू नर्मदा आदि के जल से एवं दूध दही शहद घी से अभिषेक किया गया. भगवान को धोती, कुर्ता की पोशाक अर्पण की भगवान का श्रृंगार संतोष सोनी मारुति के द्वारा किया गया. महाआरती 1100 दीपों से सभी भक्तों के द्वारा आरती की गई. श्री राम मारुती धाम मंदिर लहदरा नाका भोपाल रोड में पिता श्री केसरी मां अंजनी देवी एवं 21 फुट के बड़े हनुमान की पूजा अर्चना की गई. महाभोग में सभी प्रकार के नमकीनो के व्यंजनो का भोग अर्पण हुआ.

# भक्ताम्बर पाठ में श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. विधायक शैलेंद्र जैन के अंबेडकर वार्ड स्थित निवास पर प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री आदिनाथ भगवान की आराधना एवं भक्ति भाव के साथ संगीतमय भक्ताम्बर का पावन पाठ आयोजित हुआ.**

इस अवसर पर विधायक श्री जैन एवं धर्मपत्नी श्रीमती अनुश्री जैन ने सपत्नीक विधि-विधान से पूजन कर भगवान आदिनाथ के श्रीचरणों में श्रद्धा-सुमन अर्पित किए. विधायक श्री जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति और जैन धर्म की आध्यात्मिक परंपराएं समाज में शांति, सद्भाव, करुणा और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करती हैं. उन्होंने कहा कि धर्म और आध्यात्मिकता से जुड़कर ही जीवन में सच्चे सुख एवं आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है. श्री भक्ताम्बर जी के पावन पाठ के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए सहभोज का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन को सफल बनाया. कार्यक्रम में जैन समाज के श्रद्धालु, गणमान्य नागरिक एवं धर्मप्रेमीजन उपस्थित रहे.

# एक दिन में एक लाख पौधे लगाए जाने का लक्ष्य

खुरई विधानसभा में 18 जुलाई को पौधारोपण को लेकर पूर्व मंत्री ने समीक्षा बैठक कर निर्देश दिए




**नवभारत न्यूज**

**खुरई 14 जुलाई. खुरई विधानसभा क्षेत्र में 18 जुलाई को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक ही दिन में एक लाख वृक्ष लगाए जाएंगे.**

अभियान की तैयारी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण का यह अभियान औपचारिकता के लिए नहीं है बल्कि जीवन की आवश्यकता समझ कर हम सभी को पेड़ लगाना है. उन्होंने कहा कि इस बार एक लाख वृक्षों का रोपण कर नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा. पूर्व गृहमंत्री श्री सिंह ने कहा कि गत वर्ष भी हमने स्थल चयन कर व्यवस्थाएं संभाली थीं. वृक्षारोपण के लिए समाज तभी आगे आती है जब जनप्रतिनिधिगण उन्हें प्रेरित करते हैं. सभी पार्षद 4-5 वार्डों के क्लस्टर बना कर बैठक कर लें और अपने दायित्व व भूमिकाएं तय कर लें. नपा सीएमओ अध्यक्ष व पार्षदों के साथ बैठ कर कार्ययोजना कार्य विभाजन तय कर लें. उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पार्षद अजीत सिंह अजमानी वृक्षारोपण अभियान के लिए नगर के समन्वयक की भूमिका में रहेंगे. जनपद सीईओ भी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों के साथ बैठक कर जिम्मेदारी तय कर लें. उन्होंने कहा कि 15 जुलाई को हम सभी एक बार फिर समीक्षा बैठक करेंगे. सीएमओ राजेश मेहतेल ने वृक्षारोपण हेतु नगरपालिका क्षेत्र के चयनित स्थलों और उन पर लगाए जा रहे पौधों की संख्या के विषय में बैठक में जानकारी दे. जपं सीईओ मीना कश्यप ने खुरई तथा मालथौन जपं अंतर्गत वृक्षारोपण हेतु चयनित क्षेत्र व निर्धारित संख्या की जानकारी दी.

## जगन्नाथ रथयात्रा 16 को

**बीना.** आषाढ़ माह की परंपरा के अनुसार भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी. स्टेशन रोड स्थित हनुमान मंदिर पर यात्रा के स्वागत की तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं. साथ ही मंदिर में अखंड रामायण पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है. 15 दिन के अनवसर काल के बाद देंगे दर्शन नई बस्ती स्थित श्री हरेराम आश्रम के श्री जगन्नाथ धाम से 16 जुलाई को भगवान जगन्नाथ स्वामी की रथयात्रा प्रारंभ होगी. इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा रथ पर विराजमान होकर नगर भ्रमण कर श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे. मंदिर के पुजारी प्रकाश चौबे ने बताया कि ज्येष्ठ पूर्णिमा 29 जून को भगवान के अभिषेक के बाद परंपरा के अनुसार भगवान अस्वस्थ हो गए थे. वे 15 दिनों तक अनवसर काल में विश्राम पर रहे और श्रद्धालुओं को प्रत्यक्ष दर्शन नहीं हुए.

# नदी पुल निर्माण का निरीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**ललितपुर 14 जुलाई. आजाद चौक कैलगुवाँ मार्ग शहजाद नदी पर निर्माणाधीन पुल का जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने पुन: स्थलीय निरीक्षण किया.**

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुल निर्माण कार्य, दोनो ओर के पहुँच मार्गों ढलान तथा जल निकासी की सभी स्त्रोतों का गहन अवलोकन किया और स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं आशंकाओं को गंभीरता से सुना. निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की कि पुल निर्माण के बाद उनके आवागमन का मार्ग प्रभावित हो सकता है तथा यूटर्न लेने के लिए अधिक दूरी तय करनी पड़ेगी. जिलाधिकारी ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन विकास कार्यों के साथ-साथ जन सुविधाओं का भी पूरा ध्यान रख रहा है. किसी भी नागरिक को असुविधा न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहा है. पुल के बराबर से अस्थायी निकासी मार्ग तैयार कराया गया.

# कांग्रेस ग्रामीण सेवादल बैठक



**नवभारत न्यूज**

**सागर 14 जुलाई. जिला कांग्रेस सेवा दल ग्रामीण एवं जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण कार्यालय में हुई.**

जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मोहासा ने कहा कि सेवादल कांग्रेस की रीड की हड्डी कांग्रेस की मजबूती के लिए हमें सेवा दल को पंचायत एवं वार्ड स्तर पर मजबूत करना होगा.. जिला कांग्रेस सेवादल ग्रामीण मुख्य संगठक बीडी पटेल ने कहा कि आगामी समय में जिला ग्रामीण में संगठनात्मक स्तर पर बदलाव देखने को मिलेगा. 23 जुलाई को दिल्ली में आयोजित कांग्रेस सेवा दल के सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचना है.

## मिड-डे मील की दाल में निकलीं इल्लियां

**सागर.** जनपद शिक्षा केन्द्र मालथौन के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला गीधा में मध्यान्ह भोजन वितरण हेतु संलग्न सोना महिला स्वसहायता समूह द्वारा वितरित दाल में इल्लियां (कीड़े) पाए जाने की गंभीर घटना सामने आई. इस घटना पर जनपद शिक्षा केन्द्र मालथौन के विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने समूह को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है. जांच के बाद समूह द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना के अनुबंध शर्तों का उल्लंघन पाए जाने पर अनुबंध अस्थायी रूप से निरस्त कर दिया गया है. समूह को तीन दिवस के अंदर उपस्थित होकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं.


## कार्यालय नगर पालिका परिषद बीना इटावा जिला सागर (म.प्र.)

क्रमांक/1080 से 1083/2026 — //निविदा सूचना// — बीना, दिनांक 14.07.2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण बेवसाइट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_521253_1 15.07.2026 | प्रताप वार्ड स्थित पुत्री शाला में शौचालय निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | (1)3 माह (2)932629 | (1) 2000/- (2) 9326/- | 21.07.2026 |
| 2. | 2026_UAD_521254_1 15.07.2026 | शिवाजी वार्ड में अंडरब्रिज से पानी की टंकी तक प्री-कॉस्ट बाउंड्रीवाॅल निर्माण का कार्य (द्वितीय निविदा) | (1)1 माह (2)829200 | (1) 2000/- (2) 8292/- | 21.07.2026 |
| 3- | 2026_UAD_521255_1 15.07.2026 | आंचवल वार्ड मेन रोड से रजनी श्रीवास्तव के मकान से होते हुए जैन मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य (द्वितीय निविदा) | (1)1 माह (2)832332 | (1) 2000/- (2) 8323/- | 21.07.2026 |
| 4- | 2026_UAD_521256_1 15.07.2026 | राजीव गांधी वार्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पार्क में रेलिंग लगाए जाने का कार्य | (1)1 माह (2)312122 | (1) 2000/- (2) 3121/- | 31.07.2026 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार का प्रकाशन ऑनलाइन http://www.mptenders.gov.in की बेवसाइड पर ही किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बीना इटावा